# अभ्यास टेस्ट पेपर कक्षा–8 (सप्ताह–तीन)

प्रश्नों की कुल संख्या–60

विद्यार्थी का नाम–........................................................................................ शाला उपस्थिति पंजी क्र.–..........

शाला का नाम– ......................................................वि.ख. –.........................   जिला– .....................

## टेस्ट प्रशासनकर्ता के लिए निर्देश

(टेस्ट प्रारंभ करने से पहले निर्देशों को ध्यान से पढ़ें)

- प्रथम व अंतिम पेज की सभी प्रविष्टियां कक्षाध्यापक की मदद से अनिवार्यतः पूर्ण करें।
- यह परीक्षण विद्यार्थी की जानकारी, समझ एवं परम्परागत प्रश्नों से हटकर नए पैटर्न के प्रश्नों आधारित टेस्ट के अभ्यास के अवसर देने के लिए है।

1. बच्चों से कहें कि ''प्रत्येक प्रश्न के चार विकल्प दिए गए हैं, उनमें से केवल एक ही विकल्प सही है।''
2. बच्चों को निर्देश दें कि ''प्रश्न को पढ़कर दिए गए विकल्पों में से प्रश्न का उत्तर ढूँढ़ें। सही उत्तर के विकल्प को अंतिम पेज पर दी गई तालिका में भरें।
3. परीक्षण पुस्तिका में निम्नानुसार चार विषयों के कुल 60 प्रश्न हैं। सभी प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है।

| | | |
|---|---|---|
| भाग–1: हिन्दी प्रश्न | – | 1–15 |
| भाग–2: गणित प्रश्न | – | 1–15 |
| भाग–3: विज्ञान | – | 1–15 |
| भाग–4: सामाजिक विज्ञान | – | 1–15 |

---

## भाग–1 : हिन्दी

**निर्देश– नीचे दिए गए अनुच्छेद को पढ़कर प्रत्येक प्रश्न के नीचे दिए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर सही उत्तर की तालिका में लिखिए –**

नीम छोटी, चमकदार हरी पत्तियों वाला एक बड़ा सदाबहार वृक्ष होता है। इसका तना सीधा होता है। इसकी छाल कठोर, खुरदरी और पपड़ीदार होती है। इसमें वसंत ऋतु में छोटे–छोटे सफेद फूल खिलते हैं। यह वृक्ष कभी भी पत्ती रहित नहीं होना क्योंकि इसकी सभी पत्तियाँ एक साथ नहीं गिरती हैं। यह पूरे भारत में पाया जाता है।

संस्कृत में नीम का नाम 'अरिष्ठ' है, जिसका अर्थ है 'रोगों से मुक्ति देने वाला'। इसे 'चमत्कारी वृक्ष' के नाम से भी जाना जाता है। नीम के वृक्ष का प्रत्येक हिस्सा दवाईयाँ बनाने के काम आता है।

इसके बीजों से तेल निकाला जाता है जो 'मार्गोसा' तेल कहलाता है। यह तेल कोढ़ और चर्म रोगों के उपचार में काफी प्रभावशाली होता है। इसकी पत्तियों का प्रयोग चेचक के उपचार के लिए किया जाता है। नीम की चाय का प्रयोग अकसर सिरदर्द और बुखार में आराम पाने के लिए किया जाता है।

इसके फूलों का उपयोग आँत–संबंधी रोगों के उपचार के लिए किया जाता है। नीम की छाल और गोंद से भी कई अचूक दवाईयाँ बनाई जाती हैं।

भारत में लोग नीम की टहनी का उपयोग अपने दाँत साफ़ करने के लिए करते हैं। दराजों और लकड़ी की अलमारियों को तिलचट्टे और कीट–पतंगो से बचाने के लिए उनमें नीम की सूखी पत्तियाँ रखी जाती हैं। गन्ने और सब्ज़ियों की फसल के लिए खाद के रूप में नीम का बहुतायत में प्रयोग किया जाता है।

कुछ लोग नीम के वृक्ष को पवित्र मानते हैं और उसकी पत्तियों को अपने घर के मुख्य द्वार पर बुरी आत्माओं को दूर रखने के लिए तोरण के रूप में बाँधते हैं। नवजात शिशु को अच्छे स्वास्थ्य और रोगों से बचाव के लिए नीम की पत्तियों पर लिटाया जाता है। निस्संदेह, यह सारे संसार में 'अद्भुत वृक्ष' के रूप में जाना जाता है।

प्र.1 नीम की छाल कैसी होती है ?

(A) चिकनी और हरी
(B) खुरदरी और पपड़ीदार
(C) मुलायम और पपड़ीदार
(D) कठोर और हरी

प्र.2 नीम के फूल किस रोग के उपचार के लिए उपयोगी होते हैं ?

(A) चर्म रोग
(B) चेचक
(C) आँत–रोग
(D) बुखार

प्र.3 नीम की सूखी अलमारियों में क्यों रखी जाती हैं ?

(A) छिपकलियों और चीटियों से बचाव के लिए।
(B) कीड़ों से बचाव के लिए।
(C) कपड़ों की चमक बनाए रखने के लिए।
(D) उन्हें साफ़ रखने के लिए।

प्र.4 कुछ लोग नीम की पत्तियों को तोरण के रूप में घर के मुख्य द्वार पर क्यों बाँधते हैं ?

(A) बुरी आत्माओ को दूर रखने के लिए।
(B) कीट–पतंगो से बचाव के लिए।
(C) अपने घरों को सजाने के लिए।
(D) रोगों को दूर करने के लिए।

प्र.5 नीम 'अद्भुत वृक्ष' क्यों कहलाता है ?

(A) इसकी टहनियों का प्रयोग दाँत साफ करने के लिए किया जाता है।
(B) इससे उपयोगी खाद बनती है।
(C) यह नवजात शिशुओं की रक्षा करता है।
(D) वृक्ष का प्रत्येक हिस्सा उपयोगी होता है।

**निर्देश– प्रत्येक प्रश्न के नीचे दिए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर सही उत्तर की तालिका में लिखिए –**

**हेमाः–** हैलो। मैं हेमा हूँ। क्या आपको पता है, मुझे सबसे ज्यादा क्या करना पसंद है। मुझे अपने परिवार और दोस्तों के साथ ऐतिहासिक स्थलों पर घूमना पसंद है। पिछले साल गर्मियों की छुट्टियों के दौरान, मैं हैदराबाद घूमी और चारमीनार एवं गोलकोंण्डा किला देखा। इस

वर्ष मैं आगरा गयी और ताजमहल को देखकर बहुत खुश हुई। हर बार मैं एक नए स्थान का दौरा करती हूँ और नए–नए दोस्त बनाती हूँ । आप क्या सोचते हैं कि अगले साल मुझे कौन–सी जगह घूमनी चाहिए।

**अली** :– मेरा नाम अली है। आप सब से मिलकर अच्छा लगा। मैं नई चीजें सीखने को लेकर काफी उत्सुक हूँ। मेरी विज्ञान की अध्यापिका मुझे ज्यादा से पुस्तक पढ़ने के लिए प्रोत्साहित करती रहती हैं। वे कहती हैं कि प्रश्न पूछना वैज्ञानिक जिज्ञासा की शुरूआत है। पिछले सप्ताह, मैंने 'डिस्कवर्ड क्वेश्चन्स' नामक किताब पढ़ी और इसे बहुत जानकारीपूर्ण एवं रुचिकर पाया। क्या आप मुझे बता सकते हो कि वर्षा बूंदों के रूप में क्यों गिरती है? मैने इस प्रश्न का उत्तर इसी किताब में पाया।

**रजत** :– हैलो दोस्तों। मैं रजत हूँ। मुझे खेलने–कूदने का शौक है। मैं फुटबॉल खेलने को लेकर काफी उत्साहित हूँ। । यह 'सॉकर' के नाम से भी जाना जाता है और ग्यारह–ग्यारह खिलाड़ियों की दो टीमों के बीच खेला जाता है। इस खेल में गोलकीपर, ड़िफेंडर (रक्षक) और स्ट्राइकर होते है। मैं फुटबॉल के सारे मैच देखता हूँ। एक दिन में बाइचुंग भूटिया की तरह भारत के लिए खेलना चाहता हूँ। मैं उसकी तरह एक स्ट्राइकर बनना चाहता हूँ।

**जॉन** :– हैलो। मैं जॉन हूँ। वातावरण को 'हरा और साफ' रखना मेरा शौक है। क्या आप जानते हैं कि इस बारिश के मौसम में मैने अपने विद्यालय में चार पेड़ों के छोटे पौधे लगाए हैं। ये पौधे जामुन, नीम, आम, और गुलमोहर के हैं। मेरे अध्यापक ने मुझे इन पौधों के साथ इनकी नाम प्लेट लगाने को कहा है। मेरी कक्षा की सोमा पोस्टर को डिजाइन कर रही है। उसकी रूचि चित्रकारी में है।

प्र.6 गोलकोण्डा और ताजमहल में समान बात क्या है?

(A) दोनों आगरा में स्थित हैं। (B) दोनों ऐतिहासिक स्थल हैं।

(C) वे केवल घूमने के स्थल हैं। (D) वे हैदराबाद में स्थित हैं।

प्र.7 फुटबॉल के बारे में कौन–सा कथन सही नहीं है?

(A) इसे 'सॉकर' भी कहा जाता है।

(B) यह ग्यारह खिलाड़ियों के द्वारा खेला जाता है।

(C) इसे खेलने के लिए दो टीमों की आवश्यकता होती है।

(D) यह खेल केवल गोलकीपरों के लिए है।

प्र.8 छोटे 'पौधों' को कैसे पहचानोगे?

(A) पेड़ों के नाम पौधों के पास लगाए जाँएगे। (B) अध्यापक पौधों पर नजर रखेंगे।

(C) स्कूल में बस यही चार पेड़ रहेंगे। (D) बच्चे पेड़ों के नाम याद रखेंगे।

प्र.9 सोमा किस चीज में अच्छी है ?

(A) वृक्ष लगाने में (B) फुटबाल खेलने में

(C) किताबें पढ़ने में (D) चित्रकारी में

प्र.10 हेमा और अली के कौन–से शौक समान हैं?

(A) उन दोनों को पौधे लगाना पसंद है।

(B) उन्हें फुटबाल खेलना पसंद है।

(C) उन्हें नई चीज़े और स्थानों को खोजना पसंद है।

(D) उन्हें टेलीविजन पर मैच देखना पसंद है।

निर्देश– नीचे दिए विज्ञापन को देखकर प्रत्येक प्रश्न के नीचे दिए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर सही उत्तर की तालिका में लिखिए –




प्र.11 इस विज्ञापन का मुख्य उद्देश्य है –

(A) पानी की बचन करने के लिए प्रेरित करना। (B) सफाई के लिए प्रेरित करना।

(C) गांधी जी के बारे में बताना। (D) लोगों से जुर्माना एकत्रित करना।

प्र.12 ''खुद वो बदलाव बनिए, जो दुनिया में आप देखना चाहते हैं'' इस वाक्य का क्या अर्थ है ?

(A) दुनिया में बदलाव देखने के लिए मेहनत कीजिए।

(B) दुनिया में बदलाव की शुरूआत स्वयं से होती है।

(C) दुनिया में बदलाव करने से पहले दुनिया देखिए।

(D) खुद को देखने से दुनिया बदल जाती है।

प्र.13 क्या करने से जुर्माना हो सकता है ?

(A) कूड़ेदान का प्रयोग करने से (B) थूकदान का प्रयोग करने से

(C) रेल परिसर में कूड़ा फेंकने से (D) पानी का नल बंद करने से

प्र.14 एक लड़की ने अपने पिता से कहा, ''आप केले के छिलके सीट के नीचे मत डालिए''

विज्ञापन की कौन–सी बात इस वाक्य पर लागू होती हैं ?

(A) कूड़ा कूड़ेदान में ही डालें। (B) थूकदान का प्रयोग करें।

(C) शौचालय का उपयोग करें। (D) पानी की बचत करें।

प्र.15 'स्वच्छ भारत मिशन' का उद्देश्य क्या है ?

(A) केवल रेलगाड़ी को साफ–सुथरा रखना। (B) गांधी जी के विचारों का प्रचार करना।

(C) भारत–भर में शौचालय बनाना। (D) भारत को स्वच्छ बनाना।

## भाग–2 : गणित

**निर्देश– प्रत्येक प्रश्न के नीचे दिए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर सही उत्तर की तालिका में लिखिए –**

प्र.1 निम्न में से कौन–सा समय एक दिन के बराबर होगा ?

(A) 12 × 12 घंटे (B) 24 × 60 मिनट


(C) 24 × 12 × 60 सैकेंड (D) 1／360 वर्ष

प्र.2 घटाएं $\frac{5x}{8} - \frac{3x}{8} =$

(A) $\frac{1}{4}$ (B) 5 (C) $3x$ (D) $\frac{x}{4}$

प्र.3 ABCD एक चतुर्भुज है। एक अन्य चतुर्भुज PQRS है (ABCD के बराबर आकार)। यदि

$\angle P$ एवं $\angle S$ की माप 80° है, तो निम्न में से कौन–सा कथन सत्य है ?




(A) PQ=AB (B) $\angle Q$ समकोण है।

(C) PQRS की सभी भुजाएँ समान लम्बाई की हैं।

(D) PQRS का क्षेत्रफल ABCD के क्षेत्रफल से कम है।

प्र.4 रीटा और रेनू एक कक्षा में पढ़ती हैं। इनके तीन विषयों की परीक्षा के अंक नीचे दिए गए हैं –

| | भौतिक विज्ञान | रसायन विज्ञान | गणित |
|---|---|---|---|
| रीटा | 78 | 76 | 74 |
| रेनू | 72 | 82 | 74 |

इनके औसत प्राप्तांकों के विषय में निम्न कथनों में से कौन–सा कथन उचित है?

(A) रीटा के औसत प्राप्तांक रेनू से अधिक हैं।


(B) रीटा के औसत प्राप्तांक रेनू से कम हैं।

(C) रीटा और रेनू के औसत प्राप्तांक बराबर हैं।

(D) रीटा और रेनू के औसत प्राप्तांको की तुलना नहीं की जा सकती।

प्र.5 निम्न ग्राफ विभिन्न प्रकार के विद्यालयों जैसे बाल विद्यालय, बालिका विद्यालय, सह–शिक्षा विद्यालय एवं सायंकालीन विद्यालयों के वितरण को दर्शाता है।

**विद्यालयों की प्रतिशतता (%)**




निम्न में कौन–सा कथन सत्य है ?

(A) सह–शिक्षा विद्यालयों की संख्या बाल विद्यालयों से अधिक है।

(B) बाल विद्यालयों की संख्या कुल विद्यालयों की संख्या के आधे से अधिक है।

(C) सायंकालीन विद्यालय कुल विद्यालयों के एक तिहाई से अधिक है।

(D) बालिका विद्यालयों एवं सह–शिक्षा विद्यालयों की कुल संख्या बाल विद्यालयों की संख्या से अधिक है।

प्र.6 निम्न में से कौन–सी सूची संख्याएं अधिकतम से निम्नतम में कमबद्ध हैं ?

(A) 0.355, 0.4, 0.43, 0.444

(B) 0.4, 0.43, 0.444, 0.355

(C) 0.43, 0.355, 0.444, 0.4

(D) 0.444, 0.43, 0.4, 0.355

प्र.7 $\frac{5}{7} + \left(\frac{5}{14} x \frac{6}{21}\right) =$

(A) $\frac{5}{7}$ (B) $\frac{6}{49}$ (C) $\frac{5}{49}$ (D) $\frac{40}{49}$

प्र.8 एक 30 सें.मी. पतले तार द्वारा एक आयत बनाया गया। यदि इस आयत की चौड़ाई 6 सें.मी. है तब इसकी लम्बाई क्या होगी ?

(A) 6 सें.मी (B) 9 सें.मी (C) 12 सें.मी (D) 18 सें.मी

प्र.9 एक नया पुल बनाया गया, जिससे एक बस द्वारा एक शहर से दूसरे शहर जाने में लगने वाला समय 50 मिनट से घटकर 40 मिनट हो गया। दोनों शहरों की बीच यात्रा के समय में कितनी प्रतिशत कमी आई ?


(A) 10% (B) 10% (C) 45% (D) 50%

प्र.10 एक वर्ग पट्ट का क्षेत्रफल 7056 वर्ग सें.मी. है। इसकी प्रत्येक भुजा की लंबाई क्या होगी ?


(A) 76 सें.मी. (B) 84 सें.मी. (C) 86 सें.मी. (D) 94 सें.मी.


प्र.11 नीचे दिये गये चित्र में छोटे ब्लॉकों को जोड़कर बड़े ब्लॉक बनाए गए हैं। यदि सभी ब्लॉक एक माप के हैं तब किस बड़े ब्लॉक का आयतन अन्य से भिन्न होगा?

(A)




(B)





(C)



(D)

प्र.12 रवि के पिता की आयु रवि की आयु की तीन गुणा से 5 अधिक है यदि रवि के पिता की आयु X वर्ष है तब रवि की आयु को कैसे प्रदर्शित किया जा सकता है?

(A) 3x + 5

(B) (x - 5)/3

(C) 3 (x + 5)

(D) (x/3) – 5


प्र.13 नीचे दिए दंड-आरेख से वे महीने ज्ञात कीजिए, जिनमें बिजली की खपत का अंतर 30 मेगावाट हैं–

(A) फरवरी एवं मार्च


(B) फरवरी एवं अप्रैल

(C) अप्रैल एवं मई

(D) मार्च एवं मई




प्र.14 नीचे दी गई संख्या रेखा को देखो –




निम्न में किसका परिमाण अधिकतम है?

(A) q + p (B) q - p (C) qp (D) q/p

प्र.15 $5^{200}$ किस के समान है –

(A) $5^{100} + 5^{100}$ (B) $2^{100} + 3^{100}$ (C) $5^{100} \times 5^{100}$ (D) $5^{100} \times 5^{2}$

## भाग–3 : विज्ञान

**निर्देश– प्रत्येक प्रश्न के नीचे दिए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर सही उत्तर की तालिका में लिखिए –**

प्र.1 एक कार 2 घंटे में 60 कि.मी. की दूरी तय करती है। कार की गति क्या होगी ?

(A) 120 कि.मी./घंटा (B) 60 कि.मी./घंटा (C) कि.मी./घंटा (D) 20 कि.मी./घंटा

प्र.2 चार विद्यार्थी पानी की समान मात्रा को एक जैसी परखनलियों में उबालते हैं। वे अपनी परख नलियों को ज्वाला के विभिन्न क्षेत्रों में रखते हैं ?

विद्यार्थी A - बाह्य क्षेत्र

विद्यार्थी B - मध्य क्षेत्र

विद्यार्थी C - आंतरिक क्षेत्र

विद्यार्थी D - मध्य और आंतरिक क्षेत्र के बीच में

किस विद्यार्थी की परखनली में पानी सबसे पहले उबलेगा ?

(A) विद्यार्थी A (B) विद्यार्थी B (C) विद्यार्थी C (D) विद्यार्थी D

प्र.3 एक किसान गुलाब की खेती करना चाहता है। वह परिवर्धन का कौन–सा तरीका प्रयोग में लाएगा ?

(A) बीजाणु निर्माण (B) खंडन (C) युग्मक निर्माण (D) कलम

प्र.4 आपके विद्यालय के प्रांगण में एक वृक्ष है। यह पतझड़ में अपनी पत्तियाँ गिरा देता है। इन पत्तियों के निपटान का सर्वोचित तरीका कौन–सा है ?


(A) पत्तियों का विद्यालय प्रांगण के बाहर जला देना।

(B) पत्तियों को आस–पास के जलक्षेत्र में बहा देना।

(C) पत्तियों को एक पड्ढे में डालकर कम्पोस्ट प्राप्त करना।

(D) पत्तियों को विद्यालय के प्रांगण में बिखेरे रहने देना।

प्र.5 जैसा चित्र में दर्शाया गया है, एक प्रकाश की किरण दर्पण से टकराती है –




परावर्तित किरण कौन–सी होगी ?

(A) किरण A (B) किरण B (C) किरण C (D) किरण D

प्र.6 निम्न में से कौन–सा बल संपर्क बल है ?

(A) चुम्बकीय बल (B) विधुतस्थैतिक बल (C) गुरुत्वाकर्षण बल (D) घर्षण बल


प्र.7 एक बॉल बिन्दु A से से छूटकर विभिन्न प्रकार की क्षैतिज सतहों पर जाती है। किस सतह पर बॉल अधिकतम दूरी तय करेगी ?

(A) ईंट

(B) शीशा

(C) सीमेंट

(D) कीचड़



प्र.8 तालिका में चार शहरों का किसी एक दिन का तापमान एवं वर्षण दिया गया है।

| तापमान | शहर A | शहर B | शहर C | शहर D |
|---|---|---|---|---|
| निम्नतम | $18^o$ से. | $-5^o$ से. | $16^o$ से. | $-6^o$ से. |
| अधिकतम | $42^o$ से. | $7^o$ से. | $30^o$ से. | $6^o$ से. |
| वर्षण | 0 से.मी. | 5 से.मी. | 2.5 से.मी. | 0 से.मी. |

किस शहर में हिमपात हुआ है ?

(A) शहर A (B) शहर B (C) शहर C (D) शहर D

प्र.9 कौन–सा कथन उदासीनीकरण अभिक्रिया का उदाहरण है ?

(A) लिटमस विलयन को हाइड्रोक्लोरिक अम्ल में मिलाना

(B) लिटमस विलयन को कास्टिक सोडा में मिलाना

(C) क्षारीय मृदा में अनबुझा चूना (कैल्शियम ऑक्साइड) मिलाना

(D) चींटी के काटने पर बेकिंग सोडा लगाना

प्र.10 आगरा में ताजमहल के आसपास अनेक उद्योग स्थापित हुए हैं। उद्योगों की उपस्थिति के द्वारा उत्पन्न किन कारणों से ताजमहल को हानि पहुँची है ?

(A) अम्ल वर्षा का उत्पन्न होना (B) ध्वनि स्तर का प्रभाव

(C) शहरों में भीड़ होना (D) गलीचों की बुनाई ?

प्र.11 रेशमा ने दुर्घटनावश अपना हाथ एक ज्योति पर रखा और तुरंत वापिस खींच लिया। ऊष्मा की अनुभूति हुई। ऊष्मा का यह संवेदन किसके द्वारा ले जाया गया ?

(A) रक्त कोशिकाओं द्वारा (B) त्वचा कोशिकाओं द्वारा

(C) तंत्रिका कोशिकाओं द्वारा (D) पेशी कोशिकाओं द्वारा

प्र.12 निम्न में कौन विद्युत धारा के चुम्बकीय प्रभाव का उपयोग है ?

(A) विद्युतलेपन (B) विद्युत स्त्री (C) विद्युत बल्ब (D) विद्युत घंटी

प्र.13 निम्न में से कौन–सा परिवर्तन उल्टा <u>नहीं</u> किया जा सकता ?

(A) जल से भाप का बनना (B) कोयले का जलना


(C) लवण का जल में घुलना (D) मोम का पिघलना

प्र.14 पौधों में श्वसन कब होता है ?

(A) केवल रात्रि के समय (B) केवल दिन के समय

(C) हर समय (D) केवल जब प्रकाश संश्लेषण नहीं होता

प्र.15 नीचे दिया हुआ चित्र खाद्य जाल दिखाता है। खाद्य जाल में प्राथमिक उपभोक्ता एवं द्वितीयक उपभोक्ता होते हैं। तीर, जंतु जो खाए जाने जंतु और खाने वाले जंतुओं को जोड़ती है ?




कौन–सा कथन सही है ?

(A) प्राथमिक उपभोक्ता पौधों को खाते हैं।

(B) प्राथमिक उपभोक्ता जन्तुओं को खाते हैं।


(C) उल्लू प्राथमिक उपभोक्ता है।

(D) गाजर प्राथमिक उपभोक्ता है।

# भाग–4 : सामाजिक विज्ञान

**निर्देश– प्रत्येक प्रश्न के नीचे दिए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर सही उत्तर की तालिका में लिखिए –**

प्र.1 नीचे दिए मानचित्र को देखिए–




छायांकित क्षेत्र में कौन–सी फसल बहुतायत में उगाई जाती हैं?

(A) मक्का (B) गेहूँ (C) चावल (धान) (D) बाजरा

प्र.2 अगर आप अपनी कक्षा में हैं और भूकम्प आता है, तो खुद को बचाने के लिये तत्काल आप क्या करेंगे ?

(A) मदद के लिए पुकारेंगे। (B) शिक्षक के निर्देश का इंतजार करेंगे।

(C) जहाँ हैं वहीं शान्ति से बैठ जाएंगे। (D) अपने सिर को ढक कर उसे बचाएँगे।

प्र.3 निम्नलिखित में से उपनिवेशीय शासन के दौरान भारतीय हथकरघा उद्योग के निम्नीकरण के क्या कारण थे ?


(A) मशीनों द्वारा निर्मित सस्ती वस्तुओं का ब्रिटेन से आयात।

(B) भारत के द्वारा ब्रिटेन को निर्यातित वस्तुओं पर भारी करों का आरोपण।

(C) भारत से ब्रिटेन को निर्यात किए जाने वाले कच्चे माल की नीतियॉ।

(D) भारतीय उच्च वर्ग द्वारा पश्चिमी जीवन शैली को अपनाना।

प्र.4 नीचे दिये गये रेखाचित्र में, कौन–सा जलवायु प्रदेश 10° N अक्षांश से 10° S अक्षांश के बीच दर्शाया गया है ?




(A) ध्रुवीय जलवायु प्रदेश (B) भूमध्यरेखीय जलवायु प्रदेश

(C) शीतोष्ण जलवायु प्रदेश (D) मानसूनी जलवायु प्रदेश

प्र.5 निम्नलिखित विकल्पों में से भारत में उपनिवेशिक शासन के दौरान कौन–सा एक सामाजिक सुधार हुआ ?

(A) मतदान के अधिकार को 21 से 18 वर्ष करना (B) डाक व्यवस्था की शुरूआत

(C) रेलवे की स्थापना (D) सती प्रथा का अन्त

प्र.6 निम्न तालिका को ध्यान से देखिए –

| विकसित देश | | तुलना के आधार | | विकासशील देश |
|---|---|---|---|---|
| X | ← | खेती के प्रकार | → | Y |
| बड़ा | ← | खेत का आकार | → | छोटा |
| आधुनिक एवं उन्नत | ← | मशीनों के प्रकार | → | परंपरागत एवं प्राचीन |
| बहुत ज्यादा | ← | पूंजी | → | कम |

आरेख में चिन्हित बक्से X और Y हैं –

(A) X - जीवन निर्वाह Y – व्यावसायिक

(B) X - व्यावसायिक Y – जीवन निर्वाह

(C) X - प्राचीन Y – व्यावसायिक

(D) X - जीवन निर्वाह Y – प्राचीन

प्र.7 संसार के मानचित्र को ध्यान से देखें –



दिए गए मानचित्र में चिन्हित (●) खनिज के वितरण को पहचानिए।

(A) लोहा (आयरन) (B) कोयला (C) पेट्रोलियम (D) तॉबा (कॉपर)

प्र.8 निम्नलिखित में से आधुनिक भारत में एक क्षेत्र में रहने वाले लोगों की संख्या और व्यवसाय की सूचना का स्त्रोत कौन–सा होगा?

(A) उन्नीसवीं शताब्दी का जनसंख्या सर्वेक्षण।

(B) पूर्व ऐतिहासिक गुफा की चित्रकारी।

(C) तीसरी शताब्दी के स्तंभ का शिलालेख।

(D) चौदहवीं शताब्दी के राजा के द्वारा जारी की गई मुद्राएँ।

प्र.9 निम्न में से कौन–सा कार्य केवल सरकार के द्वारा किया जाता है ?

(A) शिक्षा प्रदान करना। (B) द्रवित पेट्रोलियम गैस (LPG) की आपूर्ति करना।

(C) पेट्रोल की आपूर्ति करना। (D) रेल चलाना।

प्र.10 हाल ही में भारत सरकार द्वारा महिलाओं को लड़ाकू विमान उड़ाने की अनुमति क्यों दी गई ?

(A) रक्षा सेवाओं में महिलाओं को बराबरी का अवसर देना।

(B) रक्षा सेवाओं में मानव शक्ति की कमी को देखते हुए।

(C) आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की महिलाओं को आदर देने के लिए।

(D) युवा महिलाओं को रक्षा सेवाओं में भर्ती होने के लिए प्रोत्साहित करना।

प्र.11 मान लो कि आपके पिता ने दो माह पूर्व बिजली का कनेक्शन लेने के लिए अर्जी दी थी, परन्तु उस पर अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है। निम्नलिखित में से कौन–सा अधिकार आपको यह जानने में मदद करेगा कि विद्युत विभाग ने क्या कदम उठाये हैं ?


(A) शिक्षा का अधिकार (B) संवैधानिक उपचारों का अधिकार

(C) समानता का अधिकार (D) सूचना का अधिकार


प्र.12 निम्न तालिका का अवलोकन करें।

| राज्यों के नाम | जनसंख्या (लाख में) |
|---|---|
| गुजरात | 604.4 |
| असम | 312.1 |
| ओडिशा | 419.7 |
| उत्तराखण्ड | 100.8 |
| हिमाचल प्रदेश | 68.6 |


निम्न में से कौन–सा चित्र उपर्युक्त तालिका को दर्शाता है ?




(A)



(B)



(C)



(D)

प्र.13 विधानसभा चुनाव कराने के लिए एक राज्य को विभिन्न क्षेत्रों में विभाजित किया जाता है। इस क्षेत्र को कहा जाता है।

(A) वार्ड (B) इलाका (C) चुनाव क्षेत्र (D) ब्लॉक

प्र.14 लोकतंत्र में मीड़िया की भूमिका होती है–

(A) देश के लिये कानून बनाना। (B) देश में विवादों को सुलझाना।

(C) देश में हो रही घटनाओं की जानकारी उपलब्ध कराना।

(D) सामाजिक सुधार योजनाओं को लागू करना।

प्र.15 एक किसान ने टमाटर की फसल पर 3000 रुपये खर्च करके उसे 4000 रुपये में बेच दिया। वही टमाटर सब्जी बाजार में 7000 रुपये में बेचे गए। निम्नलिखित में से कौन–सा कथन सही है ?

(A) सब्जियों के व्यापारी को सबसे अधिक लाभ हुआ। (B) किसान को सबसे अधिक लाभ हुआ।

(C) किसान का लाभ सब्जियों के व्यापारी से अधिक है।

(D) सब्जियों के व्यापारी का लाभ किसान के लाभ के बराबर है।

## सही उत्तर अंकित करने हेतु तालिका (कक्षा–8)

| हिन्दी | | गणित | | विज्ञान | | सामाजिक विज्ञान | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प्रश्न क्र. | सही उत्तर विकल्प भरें (A/B/C/D) | प्रश्न क्र. | सही उत्तर विकल्प भरें (A/B/C/D) | प्रश्न क्र. | सही उत्तर विकल्प भरें (A/B/C/D) | प्रश्न क्र. | सही उत्तर विकल्प भरें (A/B/C/D) |
| 1. | | 1. | | 1. | | 1. | |
| 2. | | 2. | | 2. | | 2. | |
| 3. | | 3. | | 3. | | 3. | |
| 4. | | 4. | | 4. | | 4. | |
| 5. | | 5. | | 5. | | 5. | |
| 6. | | 6. | | 6. | | 6. | |
| 7. | | 7. | | 7. | | 7. | |
| 8. | | 8. | | 8. | | 8. | |
| 9. | | 9. | | 9. | | 9. | |
| 10. | | 10. | | 10. | | 10. | |
| 11. | | 11. | | 11. | | 11. | |
| 12. | | 12. | | 12. | | 12. | |
| 13. | | 13. | | 13. | | 13. | |
| 14. | | 14. | | 14. | | 14. | |
| 15. | | 15. | | 15. | | 15. | |

शिक्षक हेतु निर्देश–

- बच्चे द्वारा अंकित उत्तरों को संबंधित शिक्षक द्वारा जांचा जाए और निम्नांकित जानकारी भरी जाए। साथ निर्देशानुसार रिपोर्टिंग की जाए।
- प्रश्नों के मॉडल उत्तर प्रश्नबैंक में देखे जा सकते हैं।

विषयवार सही उत्तरों की संख्या भरें (15 मे से कितने उत्तर सही पाए?)

| हिन्दी | गणित | विज्ञान | सामाजिक विज्ञान |
|---|---|---|---|
| | | | |